तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 भाजपा का 47वां स्थापना दिवस मनाया गया उत्साह ...



11 शांति, विश्वास और प्रगति की पहचान बनेगा ताड़मेटला



# गरीब और कमजोर महिलाओं का अल्ट्रासाउंड से हो सकेगा सुरक्षित प्रसव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर के सुदूर वनांचलों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने मानवीय और संवेदनशील कदम उठाया है। कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जिले की गर्भवती महिलाओं विशेषकर हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाले प्रसव के मामलों की सटीक पहचान के लिए अब निःशुल्क अल्ट्रासोनोग्राफी जांच की सुविधा सुनिश्चित की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से अक्षम परिवारों की माताओं को भी आधुनिक सुविधाएं मिल सके। ताकि गर्भधारण के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी चिकित्सीय जटिलता का सही समय पर पता लगाकर उसका त्वरित निदान किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग के इस अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली स्थितियों की समय रहते पहचान होगी बल्कि गर्भ में पल रहे शिशु की सुरक्षा को भी एक नया सुरक्षा कवच मिलेगा। प्रायः देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर उच्च स्तरीय जांच न हो पाने के कारण अंतर्गर्भाशयी मृत्यु, मृत जन्म, गर्भपात और समय से पूर्व प्रसव जैसी चुनौतियां सामने आती हैं। लेकिन अब आधुनिक जाँच सुविधा के इस विस्तार से इन गंभीर समस्याओं को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकेगा। यह प्रयास मातृ मृत्यु दर में कमी लाने और सुरक्षित प्रसव की दर को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा।

## गर्भ में पल रहे शिशु को मिलेगा सुरक्षा कवच

### डायग्नोस्टिक सेंटरों के साथ अनुबंध

इस जीवन रक्षक जांच प्रक्रिया को सुलभ बनाने जिला प्रशासन ने एक स्मार्ट रणनीति अपनाते हुए शहर के निजी स्वास्थ्य संस्थानों और डायग्नोस्टिक सेंटरों के साथ अनुबंध किया है। जिससे अब क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। बस्तर विकासखंड की 20 और जगदलपुर शहरी क्षेत्र की 15 गर्भवती महिलाओं को इस सुविधा का लाभ मिलना तय हुआ है।



### दरभा, बकावंड, जगदलपुर ब्लाक की महिलाएं शामिल

बताया गया कि दरभा विकासखंड की 12 गर्भवती महिलाओं सहित बकावंड विकासखंड की 2 और जगदलपुर विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्र नानगुर की 2 गर्भवती महिलाओं को शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप



### पुराने के बदले नया सामान देने के नाम पर हजारों की ठगी

**दंतेवाड़ा।** जिला दन्तेवाड़ा के थाना फरसपाल पुलिस ने 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 8 मार्च को प्रार्थी ने थाना फरसपाल में रिपोर्ट दर्ज कराया कि शाम 7 बजे पुराने इलेक्ट्रॉनिक सामान, गैस चूल्हा, होम थियेटर के बदले नया सामान दिलाने के नाम पर अज्ञात व्यक्तियों ने नकदी 5000 रुपये तथा एक सोने का आभूषण ठगी कर ले गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना फरसपाल में अपराध क्रमांक 4/26 धारा 318(4), 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गयी। साइबर सेल दंतेवाड़ा के द्वारा तकनीकी विश्लेषण कर आरोपी का लोकेशन प्राप्त कर फरसपाल पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक जोड़ी कान का झुमका 6 ग्राम सोना, घटना में प्रयुक्त एक्टिवा, मोबाइल तथा ठगी मे उपयोग किये जा रहे दस्तावेज को जप्त किया है। आरोपी संजय कुमार चौहान निवासी आनंदबाड़ी, कल्याण पूर्व थाना विट्ठलबाड़ी जिला ठाणे महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। अपराधों की रोकथाम एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी फरसपाल ठाकुर गौरव सिंह के पर्यवेक्षण में आरोपी को पकड़ने में निरीक्षक भीमार्जुन नाथ ताण्डी, सउनि राजकुमार प्रधान और आरक्षक लक्ष्मी कर्मा तथा अनिल कर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

### सवारी से भरी ट्राली पलटी, 10 से अधिक घायल 3 की हालत गंभीर



**दरभा।** ब्लाक मुख्यालय दरभा में सोमवार को एलेंगनार से छिंदावाड़ा मेला में जा रही ट्रेक्टर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में छिंदावाड़ा चौक में पलट गई। इस हादसे में कई महिला और पुरुष घायल हो गए। एसडीएम शंकर लाल सिन्हा, तहसीलदार सुनील धुर्व एवं ग्रामीणों और पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। ट्रैक्टर ट्राली में एलेंगनार गांव के पुरुष, महिला एवं बच्चे सहित 55 लोग छिंदावाडा मेला देखने जा रहें थे। चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। ट्रॉली में सवार लोग नीचे दब गए जिनमें 3 की हालात गंभीर हैं। उन्हें बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल भेजा गया। घायलों में महिलाएं और बच्चों की संख्या अधिक है। घटना की सूचना मिलते ही दरभा थाना से पुलिस जवान मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकाला और तुरंत एंबुलेंस व निजी वाहनों के जरिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरभा पहुंचाया।

### छात्र अधिकारों को लेकर एनएसयूआई का हल्ला बोल



**जगदलपुर।** छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर सोमवार को एनएसयूआई ने प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत बस्तर संभाग मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने एकजुट होकर शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय का घेराव किया और अपने अधिकारों को लेकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के चलते विश्वविद्यालय परिसर में देर तक गहमागहमी का माहौल रहा। प्रदर्शन के दौरान छात्र नेताओं ने कहा कि छात्र संघ चुनाव लोकतांत्रिक अधिकार है जिसे लंबे समय से ⏭ शेष पेज 10 पर

## उर्वरक विक्रय केंद्रों का उड़नदस्ता ने किया औचक निरीक्षण

# सात केंद्रों की बिक्री प्रतिबंधित, तीन को नोटिस

# खाद बीज बिक्री में अनियमितता पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





बस्तर जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी और निर्धारित नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर आकाश छिकारा के सख्त निर्देशों का पालन करते हुए सोमवार को कृषि विभाग के गुण नियंत्रण उड़नदस्ता दल ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उर्वरक विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस सघन जांच अभियान के दौरान कई प्रतिष्ठानों में गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं जिसके बाद प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से कड़े कदम उठाए हैं। निरीक्षण की इस कड़ी में उड़नदस्ता दल ने 10 प्रमुख खाद केंद्रों की जांच की। जिसमें रिकॉर्ड में विसंगति और विक्रय नियमों की अनदेखी पाए जाने पर 7 केंद्रों की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। इन केंद्रों में बकावण्ड विकासखंड का जितेन्द्र पानीग्राही कृषि केन्द्र उलनार, शिवाय कृषि केन्द्र जगदलपुर, सेठिया कृषि केन्द्र जगदलपुर, बस्तर विकासखंड के दीवान कृषि केन्द्र लामकेर सहित सालेमेटा के बघेल ट्रेडर्स व बघेल कृषि ट्रेडिंग और रिन्टू कृषि केन्द्र लोहण्डीगुड़ा शामिल हैं। इन सभी संस्थानों में मिली खामियों को देखते हुए आगामी आदेश तक खाद की बिक्री रोक दी गई है। कार्रवाई के दौरान केवल प्रतिबंध ही नहीं बल्कि स्पष्टीकरण की प्रक्रिया भी अपनाई गई है।

### कारण बताओ नोटिस जारी

प्रशासन ने लामकेर स्थित कुंवर और शंकर कृषि केन्द्र के साथ-साथ तारापुर के दक्ष कृषि केंद्र को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि किसानों को खाद की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में इस प्रकार के औचक निरीक्षण भविष्य में भी जारी रहेंगे ताकि उर्वरकों की कालाबाजारी पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके और किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।



# बाइक से कर रहे थे गांजा की तस्करी

## बाबूसेमरा व कचोरा के तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



ओडिशा से गांजा लेकर शहर में खपाने आ रहे दो तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तस्करों के कब्जे से 1.67 लाख रूपए का गांजा व बाइक जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेजा गया। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा एनएच स्थित गोरिया बाहर नाला के करीब एमसीपी (मोबाइल चेकपोस्ट) लगाकर वाहनों की तलाशी ली जा रही थी। तभी ओडिशा की ओर से आ रही होंडा शाइन मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 17 के डब्लू 0342 को घेराबंदी कर रोका गया। आरोपियों के पास रखे बैग की तलाशी लेने पर उसमें रखा मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम देवी नारायण नागवंशी 26 वर्ष निवासी ग्राम बाबू सेमरा तथा बबलू कश्यप 19 वर्ष निवासी हलबा कचोरा का रहने वाला बताया।

■ गोरियाबहार नाला में एमसीपी लगाकर वाहनों की तलाशी के दौरान धरे गए

आरोपियों ने बताया कि ओडिशा से गांजा क्रय कर जगदलपुर बिक्री के लिए ला रहे थे। उनके कब्जे से 3.348 किलो गांजा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 67 हजार 4 सौ रूपए आंकी गई है। इसके अलावा बाइक भी जब्त किया गया। आरोपियों के को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विशेष एनडीपीएस न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

### इनकी रही अहम भूमिका

गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में दो दिन पूर्व बोधघाट थाना प्रभारी नियुक्त किए गए निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा उप निरीक्षक ललित नेगी, लोकेश्वर नाग, एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, सुनील मनहर, पवन श्रीवास्तव, आरक्षक युवराज ठाकुर, कामदेव दर्रो, मानकू कोर्राम, विजय तिर्की, अवतार पटेल, थानेंद्र सिन्हा, होरीलाल आर्मो व परमानंद भोयर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

संगोष्ठी में भाजपा के संघर्षमय सफर को याद कर भावुक हुए वरिष्ठ

# अटलजी का नारा अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा कमल खिलेगा, आज साकार होता दिख रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सोमवार को जिला कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव शामिल हुए। कार्यक्रम में पार्टी के इतिहास, विचारधारा और संगठनात्मक विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई। किरण सिंह देव ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को स्थापित पार्टी ने लंबा संघर्ष तय करते हुए आज देश की प्रमुख राजनीतिक शक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने मुंबई अधिवेशन में प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी के उस ऐतिहासिक नारे को याद किया अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा जो आज पूर्ण रूप से साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा तक का सफर लाखों कार्यकतार्ओं की मेहनत, त्याग और समर्पण का परिणाम है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, राजमाता विजयाराजे सिंधिया और कुशाभाऊ ठाकरे जैसे नेताओं की विचारधारा ने संगठन को मजबूत आधार दिया। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, आर्थिक मजबूती और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाते हुए राष्ट्र सेवा में निरंतर अग्रसर रहें और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि नेशन फर्स्ट, पार्टी सेकंड और सेल्फ लास्ट की भावना ही भाजपा की मूल पहचान है। संगोष्ठी में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने भी विचार रखे। प्रारंभिक उद्बोधन जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने दिया तथा संचालन जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही ने किया।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें कमलचंद्र भंजदेव, रामाश्रय सिंह,आर्येंद्र आर्य,खेमसिंह देवांगन, परीस राम बेसरा, धर्मपाल महावर, श्रीधर ओझा, ललिता बघेल, सफीरा साहू, रामकुमारी यादव, माहेश्वरी ठाकुर, लक्ष्मी कश्यप, ममता राणा, सुरेन्द्र सिंह गिल, राजेंद्र बाजपेयी, रंजीत पाण्डेय, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, संतोष बाजपेयी,दिगम्बर राव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नागरिकों को पत्थरबाजी, नशाखोरी तथा फुटबोर्ड पर यात्रा के बताए दुष्परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




आरपीएफ पोस्ट के इंचार्ज प्रवीण कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रविवार को मेटगुड़ा क्षेत्र में रेलवे सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों को पत्थरबाजी, अनाधिकृत प्रवेश, नशाखोरी तथा फुटबोर्ड पर यात्रा जैसे खतरनाक कृत्यों के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अभियान में विशेष रूप से ग्रीष्मकालीन अवकाश को ध्यान में रखते हुए बच्चों द्वारा रेलवे क्षेत्र में की जाने वाली शरारतों और पत्थरबाजी की घटनाओं पर चिंता जताई गई। अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों पर नजर रखें और उन्हें ⏭ शेष पेज 10 पर

■ मेटगुड़ा में आरपीएफ का रेलवे सुरक्षा को लेकर जनजागरुकता कार्यक्रम

### सुरक्षा सर्वोपरि, रोकेंगे हादसे

पोस्ट इंचार्ज ने बताया रेलवे सुरक्षा को लेकर चलाया गया यह अभियान केवल जानकारी देने तक सीमित नहीं रहा बल्कि लोगों को जिम्मेदारी का अहसास कराने का भी प्रयास रहा। आरपीएफ टीम ने स्पष्ट किया कि छोटी-सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। विशेषकर पत्थरबाजी जैसी घटनाएं यात्रियों के जीवन को गंभीर खतरे में डालती हैं। अभिभावकों की भूमिका को अहम बताते हुए बच्चों को सही दिशा में मार्गदर्शन देने पर जोर दिया गया। साथ ही हेल्पलाइन 139 को एक महत्वपूर्ण सुरक्षा माध्यम बताते हुए इसे हर यात्री तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई गई ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता मिल सके।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर संगठन की मजबूती का लिया संकल्प

# 'कार्यकर्ता' जनसेवा को सर्वोच्च मानते हुए करता है कार्य : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। जिला कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देव सिंह के ध्वजारोहण के साथ शुरूआत हुई। कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति निष्ठा व्यक्त की। इस अवसर पर मिठाई वितरण कर संगठन की मजबूती का संदेश दिया। इसके पश्चात अटल परिसर में पितृ पुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया गया।

■ राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाती रहेगी पार्टी

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी राष्ट्र सेवा के मूल सिद्धांतों पर आधारित संगठन है। जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता जनसेवा को सर्वोच्च मानते हुए कार्य करता है। पार्टी को आज जिस ऊंचाई तक पहुंचाया गया है। उसमें संस्थापकों और करोड़ों कार्यकतार्ओं की तपस्या और समर्पण का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। साथ ही राष्ट्र के विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया गया। कार्यकर्ताओं ने संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि पार्टी की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं जो विपरीत परिस्थितियों में भी संगठन के सिद्धांतों पर अडिग रहते हैं। इसी सामूहिक प्रयास और अनुशासन के बल पर भाजपा आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठनों में अपनी पहचान बना चुकी है और भविष्य में भी राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाती रहेगी।



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, कमलचंद्र भंजदेव, रामाश्रय सिंह, अश्विनी सरडे, श्रीधर ओझा, श्रीनिवास मिश्रा, योगेन्द्र पाण्डेय,आर्येंद्र आर्य, रजनीश पाणिग्रही, परीस राम बेसरा, खेमसिंह देवांगन, नरसिंह राव, ललिता बघेल, सफीरा साहू, रामकुमारी यादव, रंजीत पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नन्हे बच्चों का सम्मान, हाजियों का किया गया इस्तकबाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम



बस्तर के अंतिम छोर भोपालपटनम में अंजुमन इस्लामियां कमेटी ने रमजान के पाक महीने में रोजा रखे बच्चों का कार्यक्रम किया। इस अवसर पर नन्हे बच्चों के रोजा रखने पर उनका उत्साहवर्धन करते हुए सम्मान किया गया। वहीं हाजियों का इस्तकबाल भी पूरे सम्मान और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम में ऑल मुस्लिम वेलफेयर कमेटी की ओर से बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान किया गया। साथ ही सुन्नते इब्राहिम के तहत विशेष धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस आयोजन की खास बात यह रही कि बस्तर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से मुस्लिम समाज के सदर एवं प्रमुख जिम्मेदार एक मंच पर एकत्रित हुए। इनमें प्रमुख रूप से बस्तर संभाग के सदर हाजी वसीम अहमद, केशकाल के सदर हाजी सलीम मेमन, कोंडागांव के सदर सैयाद शफीक प्यारु, नारायणपुर के सदर मो. इमरान खान, दंतेवाड़ा के सदर कासिम , बीजापुर के सदर इकबाल खान, बचेली से आफताब आलम तथा तोंगपाल सहित अन्य क्षेत्रों के सदर मौजूद रहे। सभी अतिथियों का अंजुमन कमेटी द्वारा पारंपरिक तरीके से स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के ⏭ शेष पेज 10 पर

■ भोपालपटनम में मुस्लिम समाज का संगम

## खबर संक्षेप



### बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों पर की गई चालानी कार्रवाई

**नारायणपुर।** जिले में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सख्ती बरती जा रही है। कलेक्टर नम्रता जैन के निर्देशानुसार तहसीलदार एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 17 मामलों में चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया। अभियान के तहत पिकअप वाहनों का अवैध रूप से सवारी वाहन के रूप में उपयोग करने पर विशेष रूप से कार्रवाई की गई। साथ ही बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों पर भी सख्त कदम उठाते हुए चालान काटे गए। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा वाहनों का निर्धारित उपयोग ही करें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जिलेभर में आज मनाया जाएगा रोजगार दिवस और आवास दिवस

**कोण्डागांव।** जिले की सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन 7 अप्रैल से किया जाएग प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सहित अन्य आवास योजनाओं के लंबित कार्यों को 90 दिवस में पूर्ण करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम में लाभार्थियों को स्वीकृत राशि की जानकारी देकर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। स्व–सहायता समूहों को मिलेगा बढ़ावा दीदियों को सामग्री आपूर्ति और आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत मांग आधारित कार्य स्वीकृत कर शीघ्र पूर्ण कराने की दिशा में पहल होगी।मोर गांव–मोर पानी एवं नवा तरिया अभियान के तहत जल संरक्षण कार्यों की योजना बनाई जाएगी। क्यूआर कोड और सूचना पट्ट के माध्यम से योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी।

### नगर पंचायत अध्यक्ष शोरी ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता



**केशकाल।** नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी ने आज विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम एवं पूर्व विधायक एवं कोंडागांव जिला अध्यक्ष सेवक राम नेताम की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। केशकाल विधानसभा में कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका के रूप में यह प्रवेश देखा जा रहा है। क्योंकि पूर्व में बिहारी लाल शोरी ने कांग्रेस पार्टी को समर्थन देकर भाजपा को हरवा कर कांग्रेस का अध्यक्ष बनवाया था। अब वही बिहारी लाल सॉरी जो निर्दलीय अध्यक्ष चुने गए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति पर विश्वास करते हुए आज विधायक निवास कार्यालय केशकाल में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। विधायक निवास कार्यालय में जिला अध्यक्ष सेवक राम नेताम जिला महामंत्री विजय पोया मंत्री रामेश्वर उसेंडी उपाध्यक्ष आकाश मेहता तरुण शाना एवं बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बिहारी लाल शोरी ने भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता ग्रहण की है।

## सफलता की कहानी
## विशेष आवास परियोजना से मिला पक्का आशियाना

# हिंसा का रास्ता छोड़ जीवन की नई शुरुआत की पवन के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम पंचायत चिंगनार, जो मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, कभी इस क्षेत्र में माओवाद के प्रभाव के कारण भय और असुरक्षा का माहौल था। अब इन क्षेत्रों में राज्य शासन की पुनर्वास नीति के तहत शांति और विकास स्थापित हो रहा हैं। इसी गांव में रहने वाले पवन कुमार को पुनर्वास नीति के तहत पक्का आवास मिलने से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। पवन कुमार पूर्व में माओवादी संगठन से जुड़े हुए थे। उस दौर में उनका जीवन असुरक्षा और कठिनाइयों से भरा हुआ था। उनका परिवार जंगल किनारे एक झोपड़ी और जर्जर कच्चे मकान में रहने को मजबूर था, जहां न तो पर्याप्त सुविधाएं थीं और न ही सुरक्षित भविष्य की कोई उम्मीद। समय के साथ उन्होंने यह महसूस किया कि हिंसा का मार्ग केवल विनाश की ओर ले जाता है। शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रेरित होकर उन्होंने साहसिक निर्णय लेते हुए माओवादी संगठन से नाता तोड़ लिया और समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। यह निर्णय उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ।

### आत्मसमर्पण से पुनर्वास तक

#### मूलभूत सुविधाएं कराईं गईं उपलब्ध

इसके अतिरिक्त शासन द्वारा उनके घर में बिजली कनेक्शन, रसोई गैस, शौचालय और नल-जल जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। इन सुविधाओं ने उनके जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार किया है और उन्हें एक सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान किया है। आज पवन कुमार अपने परिवार के साथ शांतिपूर्ण, सुरक्षित और खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। और बेहतर भविष्य के लिए भी नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन की इस पहल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया है।



#### योजना से बना पक्का घर, मिला काम

आत्मसमर्पण के बाद जिला प्रशासन द्वारा विशेष परियोजना आवास आत्मसमर्पित परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में उन्हें आवास स्वीकृत किया गया। शासन की सहायता से उन्हें चरणबद्ध तरीके से आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया, जिसमें प्रथम किश्त के रूप में 40 हजार रुपये, द्वितीय किश्त में 55 हजार रुपये तथा अंतिम किश्त के रूप में 25 हजार रुपये की राशि दी गई। इसके साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत 90 दिनों की मजदूरी भी प्रदान की गई। इन सभी सहायता राशि और योजनाओं के समुचित उपयोग से पवन कुमार ने निर्धारित समय में अपना पक्का घर पूर्ण कर लिया। यह घर केवल एक आशियाना नहीं, बल्कि उनके नए जीवन की मजबूत नींव है। अब उनका परिवार सुरक्षित वातावरण में रह रहा है और भविष्य को लेकर आश्वस्त है।

## जिला कार्यालय में ध्वजारोहण कर महापुरुषों को किया नमन

# भाजपा का 47वां स्थापना दिवस मनाया गया उत्साह के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस सोमवार को कोंडागांव जिला कार्यालय में पूरे उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने संगठन के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करते हुए सेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराया।

- पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने साझा की खुशियां

कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम द्वारा पार्टी का ध्वज फहराकर की गई। ध्वजारोहण के साथ ही कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उनके विचारों और आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की खुशियां साझा कीं। पूरे कार्यक्रम में संगठनात्मक एकता और उत्साह का वातावरण बना रहा।



#### संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने भाजपा के स्थापना दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन–जन तक पहुंचाना ही कार्यकर्ताओं का प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। उत्साह, एकता और संकल्प के साथ मनाया गया भाजपा का 47वां स्थापना दिवस, संगठन को और मजबूत बनाने का संदेश दिया गया।

#### जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की रही उपस्थिति

इस अवसर पर कांकेर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, मनोज जैन, दयाराम पटेल, जितेंद्र सुराना, ईना श्रीवास्तव, कुलवंत चहल, जैनेंद्र ठाकुर, अश्वनी पांडे, शीतल पटेल, प्रतोष त्रिपाठी, नागेश देवांगन, प्रदीप नाग, अशोक ब्रह्म, सुषमा खोबरागड़े, अविनाश सोरी, गोविंद रामटेके, संतोष सिंह, सती बघेल, बसंती ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मधुमक्खी के हमले से बालक गंभीर

## लंजोड़ा बाजार में मची भगदड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव जिले के ग्राम पंचायत लंजोड़ा में शनिवार को आयोजित साप्ताहिक बाजार में अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। बताया जा रहा है दोपहर 3 बजे अचानक हुए हमले में कई लोग मधुमक्खी के डंक के शिकार हो गए, जिसके चलते पूरे बाजार स्थल पर भगदड़ मच गईं। वहीं इस घटना में 14 वर्षीय बालक बसंत कुर्रे पिता बलवीर कुर्रे सैकड़ो मधुमक्खी के डंक का शिकार हो गया। उनके चेहरे में मधुमक्खियां ने बुरी तरह काट दिया। इस घटना के तुरंत बाद उनके परिजनों ने निजी वाहन से पीड़ित बालक को जिला अस्पताल पहुंचाया है। इस दौरान पीड़ित बालक बसंत कुर्रे की मां ने बताया कि बालक बचपन से मानसिक रूप से विक्षिप्तहै जिसकी वजह से वह अपने आप को हमले से बचा नहीं पाया और बुरी तरह जख्मी हो गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर उपचार हेतु रिफर कर दिया गया है।

- मानसिक पीड़ित घायल को हायर अस्पताल में किया गया रिफर

# नगर पालिका की सख्ती : अंतिम दिन 36 लाख की रिकॉर्ड वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नगर पालिका परिषद द्वारा चलाए जा रहे विशेष वसूली अभियान के अंतिम दिन 36 लाख रुपए की उल्लेखनीय वसूली की गई। इस अभियान के तहत पालिका प्रशासन ने बकायादारों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए कई ठोस कार्रवाई की है।

नगर पालिका द्वारा चलाए गए सघन अभियान के तहत अंतिम दिन 36 रुपए लाख की वसूली कर राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। यह इस वर्ष की वसूली में एक अहम उपलब्धि मानी जा रही है। वसूली नहीं करने वाले बकायादारों पर कड़ा रुख अपनाते हुए रायपुर नाका के 2 शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, कनेरा रोड के 4 शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को निरस्त कैंसिल कर दिया गया है। परिषद की स्वीकृति के बाद इन कॉम्प्लेक्स की पुनः नीलामी की जाएगी। पूर्व में जमा राशि को राजसात करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।



#### अभियान रहेगा जारी

सीएमओ ने बताया कि वसूली अभियान अभी समाप्त नहीं हुआ है जिन उपभोक्ताओं ने जल कर या अन्य कर जमा नहीं किया है उनके नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी नगर पालिका कोंडागांव की सख्ती से राजस्व वसूली में तेजी आई है, साथ ही बकायादारों में हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि नियमों का पालन नहीं करने वालों पर आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

#### दुकान सील, 50 से अधिक नल कनेक्शन काटे गए

पालिका प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए मटन मार्केट की 1 दुकान को सील किया, 50 से अधिक नल कनेक्शन काटे यह कार्रवाई बकाया राशि जमा नहीं करने वालों के खिलाफ की गई। नगर पालिका द्वारा 8 दुकानदारों को अंतिम नोटिस जारी किया गया है एक सप्ताह में बकाया राशि जमा नहीं करने पर उनकी दुकानों को भी निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बकायादारों की सूची सार्वजनिक की जाएगी, लगातार कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

# कांग्रेस पार्टी जनहित व विकास के मुद्दों पर हमेशा प्रतिबद्ध रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

नगर पंचायत में राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष अमीन मेमन ने निर्दलीय अध्यक्ष बिहारी शोरी के भाजपा में शामिल होने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे जनता के जनादेश का अपमान बताया है। श्री मेमन ने कहा कि केशकाल की जनता ने कांग्रेस और भाजपा जैसे बड़े दलों को दरकिनार करते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में बिहारी शोरी को अध्यक्ष चुना था। यह जनादेश स्वतंत्र नेतृत्व और स्थानीय कार्यशैली में विश्वास का प्रतीक था, लेकिन भाजपा में शामिल होना इस भरोसे के साथ सीधा विश्वासघात है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान ही भाजपा के साथ सांठगांठ के संकेत मिल गए थे, जब निर्दलीय खेमे के दो पार्षदों और अध्यक्ष ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया। अब भाजपा में औपचारिक शामिल होना उसी प्रक्रिया का अगला कदम है। अध्यक्ष के एक वर्ष के कार्यकाल को निराशाजनक बताते हुए कहा कि सत्ता के मोह में लिया गया यह फैसला जनभावनाओं के विपरीत है। उन्होंने बस स्टैंड में आयोजित सभा का जिक्र करते हुए 'शेर और बंदर' की कहानी का उल्लेख किया और कहा कि वर्तमान घटनाक्रम उसी का उदाहरण प्रतीत हो रहा है। युवाओं को संबोधित करते हुए मेमन ने कहा कि प्रलोभन में आकर लिए गए निर्णयों के परिणाम अब सामने आ रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सच्चा जनप्रतिनिधि अपने कार्यों से जनता का विश्वास जीतता है, न कि लालच के माध्यम से।



## प्रथम नियुक्ति से पेंशन की मांग बुलंद

# कोंडागांव के शिक्षकों की आवाज रायपुर महासभा में जमकर गूंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/रायपुर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की प्रांतीय महासभा में कोंडागांव जिले के शिक्षकों ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रथम नियुक्ति से पेंशन की मांग को जोरदार तरीके से उठाया। इस महासभा में प्रदेशभर से आए सैकड़ों शिक्षकों के साथ कोंडागांव के पदाधिकारी भी सक्रिय रूप से शामिल रहे। महासभा में कोंडागांव जिले के शिक्षकों ने स्पष्ट कहा कि वर्तमान व्यवस्था में संविलियन तिथि 1 जुलाई 2018 से सेवा गणना होने के कारण कई शिक्षक पेंशन से वंचित हो रहे हैं। इसलिए प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना की मांग प्रमुखता से रखी गई। मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा ने शिक्षकों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि वे इस मुद्दे को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे जल्द ही शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात कराई जाएगी। शिक्षामंत्री द्वारा दिए गए बयान सरकार टीईटी के मामले का समाधान निकालेगी का महासभा में सकारात्मक रूप से स्वागत किया गया। शिक्षकों ने मांग रखी कि 6 माह का बी.एड कोर्स शुरू किया जाए, ओपन बोर्ड के माध्यम से पत्रचार कोर्स की सुविधा मिले। महासभा में यह तय किया गया कि शिक्षकों की मांगों को लेकर रणनीति बनाकर लगातार आंदोलन किया जाएगा, ताकि न्यायसंगत अधिकार प्राप्त किए जा सकें।

- विधायक पुरंदर मिश्रा ने दिया आश्वासन



#### प्रमुख मांगें व महासभा में उठे मुद्दे

प्रथम नियुक्ति से पेंशन की गणना, 20 वर्ष सेवा पर पूर्ण पेंशन 50 प्रतिशत वेतन, क्रमोन्नति एवं समयमान वेतनमान, पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी, सेवा अवधि 65 वर्ष करने की मांग, विभागीय टीईटी परीक्षा आयोजित करना, डी.एड/बी.एड पाठ्यक्रम की व्यवस्था न्यायालय के निर्णयों का हवाला महासभा में बताया गया कि उच्च न्यायालय ने भी पेंशन को स्थगित पारिश्रमिक माना है, इसलिए पूर्व सेवा को नजरअंदाज करना उचित नहीं है।

#### जिले से रही बड़ी भागीदारी

महासभा में कोंडागांव जिले से ऋषिदेव सिंह जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में चन्द्रकांत ठाकुर, नीलम श्रीवास्तव, अखिलेश राय, यादवेन्द्र सिंह यादव, संजय राठौर, दंतेश्वरी नायडू, ज्योति राव, सुरेंद्र ठाकुर, नरेश ठाकुर, अशोक साहू सहित अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षक शामिल हुए।


## दूरस्थ क्षेत्र में बीसी सखी लिख रहीं विकास की नई कहानी

# दूरस्थ गांवों तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाकर बदलाव ला रही है रिंगों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मर्दापाल तहसील के सुदूर ग्राम कुधुर में अब बैंकिंग सुविधाएं गांव तक पहुंचने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है, जहां पहले उन्हें 20 किलोमीटर दूर बैंक जाना पड़ता था। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बीसी सखी के रूप में कार्यरत रिंगो कश्यप कुधुर, तुमड़ीवाल और टेकापाल के ग्रामीणों को घर–घर बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रही हैं। रिंगो कश्यप के माध्यम से ग्रामीणों को महतारी वंदन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि गांव में ही आसानी से प्राप्त हो रही है।

- 20 किमी दूर बैंक नहीं जाना पड़ रहा



#### सैकड़ों लेनदेन से बढ़ा विश्वास

अब तक 355 से अधिक लेनदेन कर 6 लाख 75 हजार रुपये से अधिक की राशि का सफलतापूर्वक वितरण किया जा चुका है, जिससे ग्रामीणों का भरोसा बढ़ा है। स्व–सहायता समूह से जुड़कर रिंगो कश्यप ने किराना दुकान भी शुरू की है, जिससे उन्हें प्रतिमाह लगभग 10 हजार रुपये की आय हो रही है। रिंगो कश्यप जैसी महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि समाज में अपनी नई पहचान भी स्थापित कर रही हैं।

## पेज 9 के शेष

### नागरिकों को पत्थरबाजी...

रेलवे परिसर में जाने या किसी भी असुरक्षित गतिविधि में शामिल होने से सख्ती से रोकें। साथ ही यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 के उपयोग की जानकारी भी आमजन को दी गई। ताकि आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके। कार्यक्रम के दौरान लगभग 10 से 15 स्थानीय निवासी उपस्थित रहे और उन्होंने जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई।

### छात्र अधिकारों को...

रोका जाना छात्रों के अधिकारों का हनन है। उनका आरोप था कि चुनाव नहीं होने के कारण विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में पारदर्शिता की कमी आई है और विभिन्न योजनाओं व फंड में अनियमितताएं बढ़ी हैं। छात्रों ने पीएम उषा योजना और जनभागीदारी फंड सहित अन्य व्यवस्थाओं में गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। छात्र नेताओं ने विश्वविद्यालयों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि छात्र प्रतिनिधित्व के अभाव में निर्णय एकतरफा लिए जा रहे हैं जिससे छात्रों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने सरकार से जल्द छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन को उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की भागीदारी रही। जिन्होंने एक स्वर में छात्र हितों से समझौता नहीं करने का संकल्प दोहराया। इस दौरान एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल खंबारी, प्रदेश महासचिव मनोहर सेठिया, प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य सिंह बिसेन सहित अन्य छात्र नेताओं और कार्यकतार्ओं की उपस्थिति रही। एनएसयूआई ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को व्यापक करते हुए राजभवन एवं मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। जिससे छात्र आंदोलन और तीव्र रूप ले सकता है।

### नन्हे बच्चों का सम्मान...

दौरान समाज में फैली बुराइयों, कमियों और सुधार की दिशा पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी सदर ने एकमत होकर समाज को बेहतर दिशा में ले जाने, आपसी एकता को मजबूत करने और नई पीढ़ी को सही मार्गदर्शन देने का संकल्प लिया।

एक साथ जुटना खुशी और गर्व की बात: हाजी वसीम अहमद ने कहा कि भोपालपटनम जैसे दूरस्थ क्षेत्र में पूरे संभाग के लोगों का एक साथ जुटना खुशी और गर्व की बात है। यह कार्यक्रम समाज को एक नई दिशा देने का काम करेगा। वहीं हाजी सलीम मेमन ने कहा कि हमें समाज के साथ मिलकर चलना है और अल्लाह के बताए हुए रास्ते पर चलते हुए एकता को मजबूत करना है। भोपालपटनम अंजुमन इस्लामियां कमेटी के सदर अमीर खान ने आए हुए मेहमानों और सदर का इस्तकबाल करते हुए समाज को एकजुट रहने और संगठित रूप से आगे बढ़ने का संदेश दिया।

ये रहे उपस्थित : इस अवसर पर सरदार खान, नायब सदर मिरंजा खान, सेक्रेटरी मोहम्मद इरशाद खान, मकबूल अहमद, शेख मकबूल, मुदस्सर खान, मोहम्मद इमरान खान, रियाज खान, अयूब खान, असलम राजा, फारुख खान, शेख रज्जाक, विजर खान, सरफराज खान, वहाब कल्लुड़ी, शेख हासम, अनीश कल्लुड़ी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# ट्रैफिक समस्या पर कांग्रेस आक्रामक, मांग पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

## व्यवस्था नहीं सुधरी तो हारम और पनेड़ा-गुमडा चौक पर चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

जिले के गीदम नगर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य एवं महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव तुलिका कर्मा के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की गई। उन्होंने बताया कि गीदम नगर चार राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और ओडिशा को जोड़ने वाला प्रमुख जंक्शन है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। नगरनार स्टील प्लांट संचालन शुरू होने के बाद भारी वाहनों जैसे ट्रेलर और ट्रकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। पूर्व में इस समस्या को लेकर पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी रविश सुराना के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के साथ चर्चा भी की गई थी जिसमें ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने ने प्रशासन से मांग की है कि हारम चौक, गीदम नगर और पनेड़ा-गुमडा चौक जैसे प्रमुख स्थानों पर स्थायी रूप से ट्रैफिक पुलिस तैनात की जाए और ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएं, ताकि यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके। सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक संकेतक और स्पीड कंट्रोल जैसे उपाय भी लागू किए जाएं। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि यदि तीन दिनों के भीतर इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है, तो जिला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा द्वारा हारम चौक और पनेड़ा-गुमडा चौक में चक्का जाम किया जाएगा।



### ये रहे मौजूद

इस दौरान महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा, महामंत्री रविश सुराना, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा सोरी, पार्षद इंद्रा ठाकुर, राधा नाग, संजय विश्वकर्मा, जिला महासचिव अविनाश सरकार, गोलू ठाकुर, रौशन पवार, ऋषभ सुराना समेत अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विजेताओं के खाते में भेजी गई राशि

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में 22 मार्च को हुई हैरिटेज मैराथन में देश-विदेश के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था। जारी सरकारी बयान में बताया गया कि विदेशी प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि का भुगतान 25 मार्च को किया गया, जिसमें आयकर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कटौतियां की गईं। इसी प्रकार भारतीय विजेता प्रतिभागियों को शेष राशि का भुगतान 4 अप्रैल को उनके बैंक खातों में किया गया। कटौती की गई समस्त कर राशि शासन के खजाने में जमा कर दी गई है। प्रतियोगिता में 130 प्रतिभागी विजेता घोषित हुए जिसमें विदेशी प्रतिभागी 19 थे जिनमें सभी को पूर्ण राशि भुगतान कर दी गई है। भारतीय 111 विजेता प्रतिभागियों में से 105 प्रतिभागियों से खाता क्रमांक प्राप्त कर उन्हे भुगतान किया गया है। शेष 6 प्रतिभागियों से खाता क्रमांक प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही हैं।

### पुनर्वासित हितग्राहियों ने अपनों से की मुलाकात



**दंतेवाड़ा।** जिला जेल में आज एक भावनात्मक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब लाइवलीहुड कॉलेज में प्रशिक्षण ले रहे पुनर्वासित हितग्राही अपने सगे रिश्तेदारों से मिलने पहुंचे, जो वर्तमान में जेल में निरुद्ध हैं। लंबे समय बाद अपनों से इस मिलन ने सभी के चेहरे पर खुशी, अपनापन और संतोष की झलक साफ दिखाई दी। इस अवसर पर परिजन अपने साथ फल एवं अन्य सामग्री लेकर आए थे, जिससे यह मुलाकात और भी आत्मीय बन गई। कुल 17 हितग्राहियों को उनके परिजनों से मिलवाया गया। इस पहल ने न केवल उनके मनोबल को बढ़ाया, बल्कि उन्हें भावनात्मक संबल भी प्रदान किया। मुलाकात के दौरान हितग्राहियों ने अपने परिवारजनों को बताया कि वे वर्तमान में लाइवलीहुड कॉलेज में विभिन्न कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह पहल राज्य शासन की पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भटके हुए व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। ऐसे कार्यक्रम न केवल पारिवारिक संबंधों को पुनर्जीवित करते हैं, बल्कि हितग्राहियों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और भविष्य के प्रति आशा का संचार भी करते हैं। जिला प्रशासन की इस संवेदनशील पहल से यह बताती है कि पुनर्वास की प्रक्रिया केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और भावनात्मक रूप से भी सशक्त बनाने की दिशा में अग्रसर है।

## ताड़मेटला में शहीद स्मारक का लोकार्पण

# शांति, विश्वास और प्रगति की पहचान बनेगा ताड़मेटला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

यह बदलाव दर्शाता है कि जिस ताड़मेटला में कभी भय और हिंसा का साया था, वहां अब प्रशासन की सक्रियता और विकास योजनाओं के माध्यम से शांति, विश्वास और प्रगति की नई शुरुआत हो चुकी है। उक्त बातें कलेक्टर अमित कुमार ने आयोजन कार्यक्रम में कहीं।

- 76 शहीदों की स्मृति में बना गौरव स्मारक, सीआरपीएफ डीजी ने किया उद्घाटन





ताड़मेटला में 6 अप्रैल 2010 के हमले में शहीद हुए 76 वीर जवानों को आज भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने ताड़मेटला में निर्मित शहीद स्मारक का उद्घाटन किया। लंबे समय तक नक्सल हिंसा के लिए कुख्यात रहे इस क्षेत्र में पहली बार इतने बड़े स्तर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसने पूरे माहौल को देशभक्ति और सम्मान से भर दिया।

कार्यक्रम में एडीजी छत्तीसगढ़ विवेकानंद सिन्हा, बस्तर आईजी पी. सुंदरराज, आईजी सीआरपीएफ शालिन, सीआरपीएफ डीआईजी आनंद राजपुरोहित, एसके सिंह, कलेक्टर अमित कुमार, जिला सीईओ मुकुन्द ठाकुर सहित सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर जवानों को नमन किया। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि शहीदों का बलिदान देश की सुरक्षा और एकता का अमूल्य आधार है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

कलेक्टर अमित कुमार ने बताया कि ताड़मेटला अब शांति और विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में विकास को गति देने के लिए बीटी रोड निर्माण हेतु 4 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिसका कार्य एक माह के भीतर प्रारंभ हो जाएगा। साथ ही पीएम आवास योजना के तहत 50 से अधिक घरों का निर्माण जारी है, जिससे ग्रामीणों को सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध हो रहा है। प्रशासन द्वारा गांव में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार भी तेजी से किया जा रहा है। पंचायत भवन, पीडीएस भवन और प्राथमिक स्कूल का निर्माण प्रारंभ हो चुका है, जबकि आगामी महीनों में दो स्कूल और तीन आंगनबाड़ी केंद्र अपने नए भवनों में संचालित होंगे। इसके अलावा गांव से ही राशन वितरण की व्यवस्था शुरू कर दी गई है, जिससे ग्रामीणों को अब दूर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

### उज्जवल भविष्य का संकेत

जल जीवन मिशन के अंतर्गत ताड़मेटला के सभी घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। यह बदलाव दर्शाता है कि जिस ताड़मेटला में कभी भय और हिंसा का साया था, वहां अब प्रशासन की सक्रियता और विकास योजनाओं के माध्यम से शांति, विश्वास और प्रगति की नई शुरुआत हो चुकी है। शहीद स्मारक अब न केवल बलिदान का प्रतीक है, बल्कि नए ताड़मेटला के उज्ज्वल भविष्य का संदेश भी दे रहा है।

## दुलेड़, मिनपा और एलमागुंडा पंचायतों का प्रशासनिक अमले ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

जिले के दुरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने एवं निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दुलेड़ पंचायत का निरीक्षण किया गया। इस दौरान निर्माणाधीन पंचायत भवन, सामुदायिक भवन एवं आंगनबाड़ी भवन का बारीकी से जायजा लिया गया और संबंधित विभागों को कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए गांव में चौपाल लगाकर जनसमस्याओं को सुना। ग्रामीणों की समस्याओं पर तत्परता दिखाते हुए अधिकारियों ने मौके पर ही कई मामलों के निराकरण हेतु संबंधित कर्मचारियों को तत्काल निर्देश दिए, जिससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति विश्वास और संतोष देखने को मिला।

इसके पश्चात अधिकारियों द्वारा मिनपा पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र एवं स्कूलों का निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य सुविधाओं एवं शिक्षा व्यवस्था की स्थिति का आकलन कर आवश्यक सुधार हेतु संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश दिए गए।

दौरे के अंतिम चरण में अधिकारियों ने एलमागुंडा पंचायत में निर्माणाधीन पंचायत भवन, सामुदायिक भवन एवं प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और गति बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। इस निरीक्षण एवं जनसंपर्क कार्यक्रम में एसडीएम कोंटा सुभाष शुक्ला, जनपद सीईओ सुमित ध्रुव, एबीईओ पी. श्रीनिवास राव, सीडीपीओ रितेश टंडन, तहसीलदार योपेंद्र पात्रे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### युवाओं को दिए क्रिकेट किट

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने गांव के युवाओं से मुलाकात कर उन्हें खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। युवाओं के उत्साहवर्धन हेतु क्रिकेट किट का वितरण भी किया गया। प्रशासन की इस पहल को युवाओं ने सराहनीय बताया और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में इसे महत्वपूर्ण कदम माना।

## मेगाफोन से गूंजा जागरूकता संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

विकासखंड भैरमगढ़ के ग्राम मिरतुर साप्ताहिक बाजार में बीजादूतीर स्वयंसेवकों द्वारा मलेरिया जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने मेगाफोन के माध्यम से ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने स्थानीय हल्बी एवं गोंडी भाषा का उपयोग करते हुए सरल और प्रभावी तरीके से संदेश पहुंचाया, जिससे ग्रामीणों में बेहतर समझ विकसित हुई और वे अधिक जागरूक बने।

- मिरतुर साप्ताहिक बाजार में बीजादूतीर स्वयंसेवकों का मलेरिया रोकथाम अभियान



अभियान के दौरान लोगों को मच्छरदानी के नियमित उपयोग, आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, ठहरे हुए पानी को हटाने तथा समय पर जांच एवं उपचार कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल से साप्ताहिक बाजार में उपस्थित ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मलेरिया रोकथाम के प्रति सकारात्मक व्यवहार अपनाने का संकल्प लिया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बचेली

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। नगर के प्रमुख चौराहों से लेकर ग्रामीण अंचलों के बूथों तक पार्टी का केसरिया ध्वज फहराया गया। मंडल स्तर का मुख्य आधिकारिक कार्यक्रम नगर के हृदय स्थल घड़ी चौक स्थित सांसद कार्यालय में संपन्न हुआ, जहां वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में संगठन की मजबूती का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस दौरान मंडल के पदाधिकारियों ने पार्टी के सिद्धांतों और 'अंत्योदय' की परिकल्पना पर विस्तार से चर्चा की।

समारोह को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती ने कहा कि 1980 में अपनी स्थापना के बाद से भाजपा ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा है। नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नगर विकास और जनसेवा ही हमारा मुख्य लक्ष्य है, जिसे हम केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से धरातल पर उतार रहे हैं।

विधायक प्रतिनिधि निलेश पटले ने संगठन के विस्तार पर जोर दिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धनसिंह नाग ने पार्टी द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम जैन, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बीना साहू, पार्षद श्यामलाल सेठिया, पूर्व मंडल महामंत्री मनोज सिंह, महिला मोर्चा जिला महामंत्री गीतांजलि जायसवाल, युवा मोर्चा जिला मंत्री नरेश चौहान तथा मंडल मंत्री दिव्यो दुर्गा ने भी वक्तव्य रखते हुए जनसेवा के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई तथा एक स्वर में आगामी सांगठनिक कार्यों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

### दिव्यांगजनों के उपचार परीक्षण के लिए होंगे शिविर

**बीजापुर।** उप संचालक समाज कल्याण विभाग जिला बीजापुर द्वारा दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान एवं उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु ब्लॉक स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से दिव्यांगजनों का चिन्हांकन, पंजीयन, यूडीआईडी कार्ड निर्माण, मूल्यांकन परीक्षण तथा आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। साथ ही नवीन पेंशन प्रकरणों का निराकरण भी किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह शिविर 13 अप्रैल को बीजापुर ब्लॉक के पाडिया, 14 अप्रैल को भैरमगढ़ ब्लॉक के फरसेगढ़, 16 अप्रैल को भोपालपटनम ब्लॉक के दम्मूर एवं 22 अप्रैल को उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर में आयोजित किए जाएंगे। सभी शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होंगे। शिविरों में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा दिव्यांगजनों का परीक्षण किया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को आवश्यक उपकरण प्रदान करने हेतु चयन किया जाएगा। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा समुचित सहयोग प्रदान किया जाएगा। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक दिव्यांगजनों से इन शिविरों में उपस्थित होकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**
रा.प्र.क्र./क/तह./2025-26
तोकापाल दिनांक, 26/03/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोमड़ पिता खूरा जाति माड़िया निवासी ग्राम नैननार तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पुत्र/पुत्री/ दादा/दादी/ नाना/नानी/ माता/पिता/ पति/पत्नि/ भाई/बहन आयतु/गुलोड़ी मृत्यु तिथि 26/7/2010 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत नैननार के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात् उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 09/04/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 26/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 9/4/2026

मुहर
**तहसीलदार**
**तोकापाल**

**// शपथ-पत्र //**

मैं मितल सुराना पिता बसंत सुराना, आयु 40 वर्ष, निवासी हॉस्पिटल वार्ड, कोण्डागांव, तहसील - कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव, छ.ग., 494226 सत्यनिष्ठापूर्वक निम्न सत्य कथन करता हूं :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक सही नाम खुशाल सुराना (KHUSHAL SURANA) है।
3. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड नं. 5132 2582 1032, में उसका नाम त्रुटिवश तेजस सुराना (TEJAS SURANA) अंकित हो गया है।
4. यह कि मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड नं. 5132 2582 1032, में उसका वास्तविक सही नाम खुशाल सुराना (KHUSHAL SURANA) अंकित करवाना चाहता हूँ।
5. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड नं. 5132 2582 1032, में उसका वास्तविक सही नाम खुशाल सुराना (KHUSHAL SURANA) अंकित किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**सत्यापन**

मैं मितल सुराना पिता बसंत सुराना, सत्यनिष्ठापूर्वक कथन करता हूं कि उपरोक्त कड़िका क्रमांक 01 से 05 तक के तथ्य मेरे स्वयं के जानकारी में सत्य एवं सही है। आज दिनांक 06/04/2026 को स्थान कोण्डागांव में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ।

**दिनांक 06/04/2026**
**शपथकर्ता**
**मितल सुराना**

# बस्तर की पहचान उसकी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं से है : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ घाटलोहंगा

बस्तर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत झारउमरगाव में आयोजित पारंपरिक बाली कार्यक्रम में विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उप नेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल की उपस्थिति रही। उनके आगमन पर ग्राम प्रमुखों, माता-बहनों एवं ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। पूरे गांव में उत्सव का माहौल देखने को मिला, जहां ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अपनी समृद्ध संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर माताओं-बहनों एवं ग्रामीणों ने लोक परंपराओं के अनुसार तिलक लगाकर एवं फूल माला पहनाकर उनका पारंपरिक स्वागत किया। उन्होंने ग्राम के देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

- झारउमरगाव में पारंपरिक बाली कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक





इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि बस्तर की पहचान उसकी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं से है। बाली कार्यक्रम हमारे पूर्वजों की देन है, जिसमें गांव के छोटे-बड़े देवी-देवताओं को एकत्र कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है, जिससे गांव में रोग-दोष दूर हों और सभी नर-नारी के जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहे। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में शामिल होने से मन को शांति और आत्मिक संतोष प्राप्त होता है। हमारे पूर्वजों द्वारा स्थापित देवी-देवताओं की आराधना और ग्राम संस्कृति आज भी जीवंत है, जो हमारे लिए गर्व का विषय है। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम इन परंपराओं को संजोकर रखें और आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचाएं।

युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। जब युवा अपनी संस्कृति को समझेंगे और उससे जुड़ेंगे, तभी वे इसे आगे बढ़ा पाएंगे। सामूहिक सहभागिता से ही हमारी सांस्कृतिक धरोहर मजबूत होगी। इस दौरान ग्राम पंचायत बालेगा में छेदी लाल बघेल के पुत्र के विवाह कार्यक्रम में भी विधायक शामिल हुए और नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखी एवं समृद्ध जीवन की कामना की। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सुकरू राम बघेल, सरपंच सोनसीरा कर्मा, माता पुजारी जगबंदु कश्यप, माटी पुजारी बलदेव बघेल, सुवर्ना बघेल, खगेश्वर कर्मा, कृष्ण कुमार बघेल, तुलसीराम ठाकुर, जितेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, माताएं-बहने एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महंगी बिजली और अव्यवस्था के विरोध में प्रदर्शन



**जगदलपुर।** बस्तर में प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि के विरोध में आम आदमी पार्टी ने सोमवार को प्रदर्शन किया। प्रदेश सह-संगठन प्रभारी बस्तर समीर खान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव करते हुए कार्यपालन अभियंता के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बिजली दर वृद्धि को जनविरोधी बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि छत्तीसगढ़ जैसे बिजली सरप्लस राज्य में आम जनता पर महंगी बिजली का बोझ डालना अनुचित है। जुलाई 2025 में दर वृद्धि के बाद अब अप्रैल से फिर बढ़ोतरी की तैयारी से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ेगा। उन्होंने बिजली बिलों में ऊर्जा प्रभार के अलावा अन्य शुल्कों को भी अनुचित बताते हुए इसे कम करने की मांग की। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सह मंत्री समीर खान ने आरोप लगाया कि एक ओर बड़े उद्योगपतियों और सरकारी विभागों पर करोड़ों रुपये का बकाया होने के बावजूद कार्रवाई नहीं होती, वहीं आम उपभोक्ताओं के साथ सख्ती बरती जा रही है। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की स्थिति को बेहद खराब बताते हुए कहा गया कि लोगों को नियमित बिजली नहीं मिल रही, लेकिन भारी-भरकम बिल जरूर थमाए जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश सह-संगठन प्रभारी समेत आरती पटनायक, मंसूर चिश्ती, राकेश कश्यप, मुकेश कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आज जुटेगा विभागों का साझा मंच

**जगदलपुर।** जिला प्रशासन बस्तर ने आवासीय संस्थाओं में निवासरत बच्चों के समग्र विकास और उनके मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की है। 7 अप्रैल को कलेक्टोरेट स्थित प्रेरणा कक्ष में एक विशेष अंतर-विभागीय संवेदनशीलता सत्र का आयोजन किया है, जो दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक चलेगा। मनो बस्तर कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाली यह बैठक बच्चों के कल्याण हेतु विभागों के मध्य समन्वय के लिए आयोजित की जाएगी। इस सत्र के दौरान बाल-केंद्रित विकास की आधुनिक अवधारणाओं और आवासीय संस्थाओं में रहने वाले बच्चों के समक्ष आने वाली मनोसामाजिक चुनौतियों पर गहराई से विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागों के दायित्वों को निर्धारित करते हुए आपसी तालमेल को और अधिक प्रभावी बनाने की रणनीति तैयार की जाएगी ताकि बच्चों को एक सुरक्षित और संवर्धित वातावरण मिल सके। कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा इस बैठक में बस्तर जिले के समस्त जिला अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है, जिससे शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का सीधा लाभ इन बच्चों तक पहुंच सके।

# जरूरत पूरी करने मेले से बाइक चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शुक्रवार को नगरनार मेला देखने आए ओडिशा के पर्यटकों की बाईक चोरी करने वाले दो शातिर को नगरनार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट दर्ज होने के महज चार घटें के भीतर आरोपियों को पकड़कर चोरी की बाईक बरामद करने में पुलिस सफल रही।

चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी प्रहलाद मांझी निवासी ग्राम काटागुड़ा कोसागुमड़ा जिला नवरंगपुर ओडिशा ने बताया कि वह अपने बाईक क्रमांक सीजी 04 सीटी 1099 से अपने भाई आसमन मांझी व कृष्णा मांझी के साथ मेला घुमने नगरनार आया हुआ था। उसने बताया कि वह अपनी बाईक को रात में पंचायत भवन के पास खड़ी कर मेला व नाट देख रहे थे। सुबह करीबन 6 बजे वापस जाने मोटर सायकल को खड़े किये स्थान पंचायत भवन के पास आकर देखा तो मोटर सायकल उक्त स्थान पर नही था। आसपास पता करने पर एक व्यक्ति ने बताया कि उक्त मोटर सायकल को सरोज नेताम को चलाते हुए तथा उसके पीछे एक अन्य व्यक्ति बैठा होना बताया। रिपोर्ट पर आरोपी सरोज नेताम व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश की जा रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा दोनों आरोपीयो को ग्राम चोकावाड़ा से पकड़कर हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सरोज नेताम व महेन्द्र गोयल दोनो निवासी ग्राम चोकावाड़ा का रहने वाला बताया। आरोपियों ने बताया कि बाईक को मास्टर चाबी से चालू कर जरूरत पूरी करने के लिए चोरी किया था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां उसे उन्हें न्यायिक रिमांड भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एसआई सतीश यदुराज, एएसआई सतीश तिवारी व प्रधान आरक्षक रमेश पासवान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया गया पेश



## विधायक ने दरभा ब्लाक में 86 लाख के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया

# प्रधानमंत्री आवास में गृह प्रवेश पर परिवार में दिखी खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव ने सोमवार को दरभा ब्लाक के कोटमसर और छोटे मावलीपदर में 85 लाख 87 हजार रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस दौरान डोम शेड, सामुदायिक भवन, सीसी सड़क, शौचालय निर्माण सहित कई आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में पहल की गई।

ग्राम कोटमसर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गृह प्रवेश कराया गया। लाभान्वित परिवार ने पक्का मकान मिलने पर खुशी जताई और आभार व्यक्त किया। क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य जारी हैं जिससे ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

प्रदेशाध्यक्ष का पारंपरिक धुरवा नाचा के साथ स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि सुदूर वनांचल क्षेत्रों तक सड़क, भवन और अन्य बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना प्राथमिकता है। ताकि ग्रामीणों को आवागमन और मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### दो गांव के लोगों को मिला फायदा

छोटे मावलीपदर में डोम शेड, सीसी सड़क और सामुदायिक भवन के कार्य की सौगात मिली। वहीं कोटमसर में सामुदायिक भवन, सड़क, पंचायत भवन एवं आश्रम, आंगनबाड़ी में शौचालय, किचन शेड और सेग्रीगेशन शेड का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया।

# जर्जर सड़क के चलते लोगों की परेशानी बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बैलाडीला क्षेत्र में ट्रक मालिकों की परेशानी बढ़ती जा रही है। लोडिंग प्लांट से टेलिंग डैम होते हुए मुख्य मार्ग तक की सड़क जर्जर है। आए दिन ट्रकों में टूट-फूट, टायर फटना आम बात हो गई है। ट्रक मालिकों का कहना है कि सड़क निर्माण में कोई काम नजर नहीं आ रहा। यदि समय रहते सड़क नहीं बनी तो आने वाले बारिश के मौसम में कामकाज ठप पड़ सकता है।

- ट्रक मालिकों ने दी आंदोलन की चेतावनी

ट्रक मालिक उमेश सिंह गौतम ने कहा है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो 2000 परिवारों की रोजी-रोटी पर सीधा संकट आ जाएगा। बरसात में काम बंद होगा तो आर्थिक नुकसान होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बीटीओए के पदाधिकारी भी ट्रक मालिकों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रहे हैं। बचेली नगरपालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने कई बार इस समस्या को उठाया।

चुनावी घोषणा पत्र में बीटीओए अध्यक्ष द्वारा सड़क निर्माण का वादा किया था लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। अब ट्रक मालिकों ने साफ कर दिया है कि यदि जल्द सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगे।

## सार्वजनिक स्थान पर धारदार चाकू से लोगों को धमकाने वाला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित लालबाग मैदान के करीब सार्वजनिक स्थान में धारदार चाकू रखकर आम लोगो को डराने धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा और न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

- लालबाग मैदान इलाके में रात में फैला रहा था दहशत

गौरतलब है कि इसी लालबाग इलाके में आईजी व कमिश्नर के अलावा अन्य अधिकारियों का निवास भी है। इसी इलाके में चाकू लेकर दहशत फैलाने की सूचना मिलते ही आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा लालबाग मैदान शौचालय के पास पहुंची तब एक लड़का जो अपने पास बटनदार चाकू रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था। जिसे घेराबंदी कर उसकी तलाशी लेने पर युवक के जेब से धारदार बटन वाला चाकू मिला जिसे वह अवैध रूप से रखना स्वीकार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम कीर्तन ठाकुर 21 साल निवासी तेतरकुटी गंगानगर वार्ड पंप हाउस के पास थाना बोधघाट का रहने वाला बताया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, एएसआई कार्तिक सिन्हा, प्रधान आरक्षक अन्नत राम बघेल, आरक्षक रंग लाल खरे व बलराम कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विधायक कार्यालय में जनसंवाद, समाजों ने रखी अपनी बातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रविवार को विधायक कार्यालय में विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पहुंचकर भेंट मुलाकात की। जहां समाजहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान लोगों ने अपने-अपने समाज की आवश्यकताओं और समस्याओं को विस्तार से रखा जिस पर सकारात्मक संवाद हुआ। गुजराती समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शहर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थापना को लेकर आभार व्यक्त किया। वहीं कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने भी सामाजिक विषयों को लेकर चर्चा की। अन्य समाजों एवं नागरिकों ने भी मुलाकात कर अपनी समस्याएं और सुझाव रखे, जिन पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया गया।

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव से पदाधिकारियों की मुलाकात
- सरदार पटेल की प्रतिमा स्थापना पर जताया आभार



### संवाद से समाधान की पहल

इस मुलाकात कार्यक्रम में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने एक मंच पर आकर अपने मुद्दे साझा किए। जिससे आपसी संवाद को बढ़ावा मिला। सामाजिक समरसता, विकास कार्यों में सहभागिता और स्थानीय समस्याओं के समाधान को लेकर सकारात्मक पहल देखने को मिली। जहां विधायक ने सभी वर्गों की बात सुनकर उनके समाधान के लिए प्रयास करने का भरोसा दिलाया।

## बीपीएस के पदाधिकारियों ने की सौजन्य मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर परिवहन संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने विधायक किरण सिंह देव से शिष्टाचार भेंट कर परिवहन व्यवसाय से जुड़े मुद्दों और भावी योजनाओं पर चर्चा की। अध्यक्ष प्रदीप पाठक के साथ पहुंचे सभी पदाधिकारी और समर्थकों ने बस्तर परिवहन संघ को विधायक और शासन प्रशासन से मिल रहे सहयोग के लिए आभार माना। साथ ही यह भरोसा दिलाया कि संघ के निर्वाचित पदाधिकारी परिवहन व्यवसाय के साथ साथ सामाजिक कार्यो में हरसंभव योगदान पहले की तरह देते रहेंगे। विधायक ने भी कहा कि जब जब आम लोगों के मदद की बात होती है तो परिवहन संघ हमेशा आगे रहता है। उन्होंने कहा कि आपकी जो भी समस्याएं है वह बताएं प्रशासन और शासन स्तर पर उसका निराकरण किया जाएगा। परिवहन संघ का परिवार अपने कारोबार को बढ़ाकर समृद्ध बनें। इसके लिए उन्होंने शुभकामनाएं देकर हमेशा सहयोग का भरोसा दिलाया।

- विधायक ने हर स्तर पर सहयोग का दिया आश्वासन



## अधिवक्ताओं की भूमिका न्यायालय तक सीमित न रहे बल्कि समाजहित और राष्ट्रहित में योगदान हों



**जगदलपुर।** अधिवक्ता परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत की ओर से मध्यक्षेत्र की सह संयोजिका झरना बांगर सिंह ने बताया कि विधिक परिप्रेक्ष्य, सामाजिक उत्तरदायित्व, संगठन विस्तार एवं न्यायिक प्रणाली से संबंधित समसामयिक विषयों पर बैठक में सार्थक चर्चा हुई। विभिन्न प्रांतों के वक्ताओं ने अपने उद्बोधनों में अधिवक्ताओं की भूमिका को केवल न्यायालय तक सीमित न रखते हुए समाज के प्रति उत्तरदायी और राष्ट्रहित में सक्रिय रहने का संदेश दिया। हरियाणा में राष्ट्रीय स्तर की बैठक में छत्तीसगढ़ से झरना बांगर सिंह, धर्मेश श्रीवास्तव, शिखर शर्मा, सागर सोनी, समीर त्रिपाठी, मुक्ता त्रिपाठी ने प्रतिनिधित्व किया।

- राष्ट्रीय बैठक में छत्तीसगढ़ की भी रही भागीदारी

# कुरंदी में बैंक भवन लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की कुरंदी शाखा के नवीनीकृत भवन परिसर का विधिवत उद्घाटन किया गया। नए स्वरूप में तैयार इस शाखा भवन के शुभारंभ के साथ अब क्षेत्र के ग्राहकों को अधिक सुविधाजनक और आधुनिक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध होंगी। उद्घाटन अवसर पर बैंक अधिकारियों द्वारा शाखा परिसर का निरीक्षण कर इसकी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों के साथ संवाद स्थापित कर बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं, बीमा सेवाओं एवं अन्य बैंकिंग उत्पादों की जानकारी साझा की गई। साथ ही ग्राहकों से सुझाव लेकर सेवा गुणवत्ता को और बेहतर बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल का संदेश दिया गया। बैंक प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि नवीनीकृत भवन के माध्यम से ग्राहकों को तेज,सरल और भरोसेमंद सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।



अधिकारियों ने उपस्थित स्टाफ को भी प्रेरित किया कि वे समर्पित भाव से कार्य करते हुए बैंक के व्यवसाय में वृद्धि करें तथा ग्राहकों को उच्च स्तरीय सेवाएं प्रदान करें,जिससे बैंक और ग्राहकों के बीच विश्वास और मजबूत हो सके।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर के अधिकारी, शाखा स्टाफ एवं बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे।

# काम करने के बावजूद भुगतान नहीं मिलना अन्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बीटेक बेसिक ट्रेनिंग अधिकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल को ज्ञापन सौंपा।

- बीटेक बेसिक ट्रेनिंग अधिकारियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2023 से संचालित बीटेक बेसिक ट्रेनिंग गतिविधियों के तहत किए गए 100 दिनों के कार्य का मानदेय अब तक भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



अधिकारियों ने बताया कि उन्हें प्रशिक्षण कार्य के लिए नियुक्त किया गया था और उन्होंने पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य किया, लेकिन अब तक मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि लगातार कार्य करने के बावजूद भुगतान नहीं मिलना कर्मचारियों के साथ अन्याय है। ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों ने मांग की है कि लंबित 100 दिनों का मानदेय शीघ्र जारी किया जाए, प्रशिक्षण कार्य से जुड़े अन्य लंबित भुगतान भी किए जाएं, भविष्य में समय पर मानदेय भुगतान सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होंगे। विधायक ने अधिकारियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कहा कि इस संबंध में जिला प्रशासन से चर्चा कर जल्द समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।

